


## कामेडी उनकी ट्रेजेडी अपनी

हर वो चीज़ जो काली है, या सियाह रंग का एहसास कराती है, या हर वक्त साए की मानिंद पीछे पड़ी रहती है उससे क्यों इतना चमकते हो? दाढ़ी में तिनका ढूंढने लगते हो। हर छोटे हास्य या लतीफे से उछल पड़ते हो जैसे चार सौ चालीस वोल्ट का करेंट लगा हो? भैया! आप यह इस बीच समाचार में छाए स्टैंड अप कॉमेडी करने वाले की व्यंग्यात्मक टिप्पणियों के बाद तिलमिलाती दाढ़ी वाले उप मुख्यमंत्री और उनके चेलों के बारे में कह रहे हो। लेकिन छोटी सी बात का इतना बड़ा बतंगड़? क्या हो गया है भैया? सत्ता, सरकार, स्वामित्व और सारा कुछ अपना समझकर, अतीत को पूरी तरह भुलाकर, स्वयं को सम्राट समझने वाले में सब्र, धीरज या सहनशीलता का अभाव पूरी तरह दिखाई दे रहा है। एक तो उप रह गए मुख्य नहीं बन पाए उसी घाव पर इस कॉमेडियन ने नामक का पानी डाल दिया। तिलमिलाना तो सहज है पर जो प्रतिक्रिया उनकी वानर सेना ने दिखाई, वह कोई अच्छी बात नहीं है। आप कॉमेडियन की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कहो या वानरसेना की स्वतंत्रता लेकिन यह कोई स्वस्थ परंपरा नहीं है कि इस तरह तोड़फोड़ और व्यंग्य पर इतने अधिक प्रतिक्रियात्मक होने की। सच है। हर बात में पिछले प्रधानमंत्रियों और पिछली सरकारों पर निंदारोपण किया जाता रहा है। इस मामले में संस्कारी सरकार से कहां चूक हो गई? नेहरू जी पर जितने राजनीतिक कार्टून बनें, अधिकतम आरके लक्ष्मण और शंकर ने बनाए और कभी भी उनके अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नकारा नहीं गया। हरिशंकर परसाई जी की रचनाओं में तब की सरकार और नेहरू जी पर इतने व्यंग्य कसे गए, राग दरबारी उसी समय लिखा गया जो कि वर्तमान की कॉमेडी से कहीं अधिक असरदार और चुभती सी रचनाएं रही हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि संकीर्ण सरकारों की तरह मस्तिष्क में संकीर्णता लिए, सहनशीलता को ताक पे रखते हुए सरकारी खुन्नस में जिए जा रहे हैं तो चोर की दाढ़ी में तिनका तो ढूंढा ही जायेगा न ? भैया! मुझे तो एक और बात लगती है। पिछले दिनों नागपुर मामले में मुख्य ने अच्छी कवरेज हासिल की, अच्छी लोकप्रियता पाई तो स्वाभाविक है असहनीय बैठे उप को भी तो पॉपुलैरिटी की जरूरत पड़ेगी ही न। अब हत्थे लगा स्टैंड अप कॉमेडियन। बस हल्ला मचाकर अपने को मशहूर किए जा रहे हैं। बात तुम्हारी सही है। लेकिन यह तो ऐसे हो गया जैसे खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे बिना कुछ समझे बगैर कुछ सोचे। एक और बात कहना चाहता हूं भैया। अगर स्टैंड अप कॉमेडियंस को हल्का सा ले लिया है तो यह हमारी बहुत बड़ी गलती होगी, क्योंकि अब तक तो स्टैंड अप कॉमेडियन जो थे वह सत्ता संभाल रहे हैं शायद आपको पता ही होगा। एक तो हमारे पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान साहब और दूसरे यूक्रेन के जेलुस्की। सोचने की बात यह है कि स्टैंड अप कॉमेडी करते-करते हुए वे कहां से कहां पहुंच गए इसलिए हमें स्टैंड अप कॉमेडियंस को हल्के से नहीं लेनी चाहिए। हमें चाहिए कि हम जो गलत खबरें खोज-खोज कर अपनी राष्ट्रीयता अपने संस्कार और अपने इतिहास का नया रूप जो जनता के सामने रख रहे हैं, इसके अलावा कोई और नया फंडा देखा जाए ताकि मूल समस्याओं से जनता की नज़र हटाई जा सके।

### भावना हत्याकांड का पर्दाफाश

# शराब पार्टी के दौरान विवाद में चली थी गोली

## आरोपी देश भर में ऑनलाइन सट्टा एप से चलते हैं ऑनलाइन सट्टा





**इंदौर (मनीष शर्मा)।** लसुडिया क्षेत्र अंतर्गत महालक्ष्मी नगर में हुए भावना हत्याकांड का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए आरोपियों को हिरासत में लिया है।आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई सीसीटीवी कैमरे ,मुखबिर सूचना के साथ ही तकनीकी साक्ष्य की मदद से कसोल हिमाचल प्रदेश से वापस लौटते समय ग्वालियर बायपास से आरोपीगण को गिरफ्तार किया। उक्त आरोपी झांसी कानपुर होते हुए नेपाल भागने की फिराक में थे, पुलिस द्वारा फ्लैट की तलाशी में 18 मोबाइल 4 लैपटॉप तथा 30 बैंक खातों की पासबुक व 50 एटीएम कार्ड सहित लाखों का हिसाब किताब बरामद हुआ है।

मामले में मीडिया को जानकारी देते हुये पुलिस उपयुक्त जोन - 2 अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि घटना में 21मार्च को रात्रि करीब 2 बजे सूचना मिली थी कि फ्लैट क्रमांक 722 एमआर 3 महालक्ष्मी नगर में गोली चली है किसी आशू यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर भावना सिंह राजपूत को जान से मारने की नीयत से उस पर गोली चलाई है जिससे महिला घायल व इलाज के लिए बॉम्बे हॉस्पीटल में भर्ती है सूचना पर कार्रवाई करते हुए प्राथमिक जानकारी व भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी आशु यादव व उसके साथियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 331/2025 धारा। 109(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इलाज के दौरान घायल भावना सिंह राजपूत की मृत्यु हो गई जिस पर से प्रकरण में धारा 103(1) बीएनएस इजाफ़ा किया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस आयुक्त संतोष सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह द्वारा उक्त बदमाशों को पकड़ने के निर्देश दिये गये थे ।

जिस पर से पुलिस उपायुक्त श्री विश्वकर्मा द्वारा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेन्द्र सिंह को इस संबंध में टीम गठित करने के निर्देश दिये गये थे जिस पर से सहायक पुलिस आयुक्त विजयनगर आदित्य पटले के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था । तथा आरोपीकरण की गिरफ्तारी हेतु 10 हजार रुपये नकद इनाम उद्घोषित किया गया । गठित टीम द्वारा घटना दिनांक से ही उपरोक्त बदमाशों की तलाश पतारसी हेतु घटना स्थल व आस-पास के सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए आरोपी गण के साथियों रिश्तेदारों से जानकारी प्राप्त की गई तथा तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपी गण की तलाश पतारसी शुरू की गयी ।

उपरोक्त जानकारी के आधार पर गठित टीम को सूचना प्राप्त हुई आरोपी आशु यादव अपने साथियों के साथ वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के कस्बा कसोल में छिपा हुआ है जानकारी पर गठित टीम द्वारा कसोल जिला कुल्लू में आरोपीगण की तलाश की गई। जहां जानकारी प्राप्त हुई कि आरोपीगण कसोल से निकल चुके हैं तथा ग्वालियर पहुँच कर झाँसी व कानपुर के रास्ते नेपाल भागने वाले प्राप्त जानकारी के आधार पर आरोपी आशु पिता स्वर्गीय राजेश यादव निवासी दतिया वह उसके साथी मुकुल पिता स्वर्गीय राजेश यादव निवासी दतिया एवं स्वस्ति राय निवासी दतिया को ग्वालियर झाँसी रोड ग्वालियर बाईपास से गिरफ्तार किया गया पूछताछ में आरोपिगण द्वारा बताया गया है कि शराब पार्टी करते समय हुए विवाद में आवेश में आकर आरोपी मुकुल द्वारा भावना पर गोली चलाई गई थी। अपराध में प्रयुक्त अवैध पिस्टल तथा भारी मात्रा में जिंदा राउंड पुलिस द्वारा मौके से जब्त किए गए ।

आरोपियों ने पूछताछ में यह भी बताया कि वह ऑनलाइन सट्टा ऐप के माध्यम से सम्पूर्ण भारत में ऑनलाइन सट्टा संचालन का काम करते हैं बाद आरोपी गण के बताए अनुसार उनके महालक्ष्मी नगर स्थित फ्लैट 722 एमआर 3 पर तलाशी करते समय फ्लैट से 20 अलग-अलग कंपनी के मोबाइल लैपटॉप तथा 30 से अधिक अलग-अलग बैंक खातों की पासबुक ,50 एटीएम कार्ड मिले जिनके आधार पर आरोपीगण आरोपीगण आशु यादव मुकुल यादव व इनके साथियों के के विरुद्ध अपराध क्रमांक 351/25,धारा-3/4 पब्लिक गेम्ब्लिंग एक्ट धारा 318(4) बी एन एस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है आरोपीगण को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर पुलिस रिमांड लिया जावेगा

## सामुदायिक एकता का संदेश देती है गोवर्धन पूजा, पंडित मिश्रा



**इंदौर ।** नदी, पर्वत, वन, भूमि हमें अन्न जल देकर जीवन प्रदान करते हैं। इनकी सुरक्षा व संवर्धन करना हमारा कर्तव्य है। परमात्मा की हर लीला में जनकल्याण की भावना परिलक्षित होती है। भगवान ने गोवर्धन पूजन के माध्यम से हम संसारवासियों को यही संदेश दिया है। इंद्र के प्रकोप से बचाने के लिए वृंदावनवासियों को एकत्र कर सामुदायिक भावना व एकता के महत्व को प्रतिपादित किया। प्रेम के बंधन में बंधकर पूर्ण ब्रह्म परमात्मा ने प्रेम स्वरूप को स्थापित किया। यह बात सत्यदेव नगर में नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में 23 मार्च से जारी भागवत कथा के पंचम दिवस गुरुवार को भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए व्यास पीठ से पंडित कुलदीप मिश्रा ने कही। आयोजक मंडल के पंडित रवि शुक्ला ने बताया कथा में आज भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर गोवर्धन पूजन किया गया। शुक्रवार को कथा में रुक्मणि मंगल का जीवंत प्रसंग होगा।

## तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूल बस को मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

**पीथमपुर।** महू-नीमच फोरलेन पर घाटाबिल्लौद के लेबड़ चौराहे के पास गुरुवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। करीब 5ः30 बजे एक बेकाबू ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी स्कूल बस को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक (एचआर-38 एए-6398) बहुत तेज गति में था और अचानक स्कूल बस (एमपी-13 टी-1434) से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस आगे खड़े एक चारपहिया वाहन से जा टकराई। इसके बाद ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में रमेश पिता राजू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वीरेश और पवर्त नामक दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद धार जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीसीटीवी में कैद हुआ हादसा चौकी प्रभारी सजनी शैलेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि मृतक और घायल सभी एक ही फैक्ट्री में काम करते थे। घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना कैद हो गई है, जिसमें साफ दिख रहा है कि ट्रक सादलपुर की तरफ से तेज गति में आ रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अंधाधुंध गति से दौड़ रही स्कूल बस ने मारी टक्कर, युवक गंभीर रूप से घायल

**पीथमपुर।** शहर में एक तेज रफ्तार स्कूल बस (एमपी 09 एएफ 4311) ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए कॉसमॉस कॉलोनी के गेट के पास एक मोटरसाइकिल (एमपी 09 जेड डब्ल्यू 1696) को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जीजा-साले की जोड़ी सड़क पर गिर गई, जिससे साले सचिन जायसवाल निवासी इंडोरामा को सिर में गंभीर चोटें आईं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों इंडोरामा से महू की ओर सामान लेने जा रहे थे, तभी स्कूल बस ने तेज रफ्तार में टक्कर मार दी। दुर्घटना होते ही आसपास के लोगों ने तुरंत घायल को उठाकर निजी वाहन से मध्य भारत अस्पताल, महू पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान आंखों के ऊपर 8 टांके लगाए गए। इसके बाद पीड़ित ने किशनगंज थाना पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर बस की तलाश शुरू कर दी है।

# साल में पहली बार शहर का पारा 38 डिग्री पार

### कल रहा साल का सबसे गर्म दिन, मार्च का पिछले 10 में से 3 सालों का रिकार्ड टूटा



**इंदौर।** शहर में गर्मी के तेवर लगातार तेज होते जा रहे हैं। कल साल में पहली बार दिन का पारा 38 डिग्री के आगे निकला और कल साल का सबसे गर्म दिन रहा। इसके साथ ही पिछले 10 में से 3 सालों का मार्च का अधिकतम तापमान का रिकार्ड भी टूट गया।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक आज से तापमान में कमी आने की संभावना है, जो अगले कुछ दिन जारी रहेगी। यानी मार्च में अब तापमान और आगे नहीं बढ़ेगा। विमानतल स्थित मौसम केंद्र के मुताबिक कल दिन का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1 डिग्री और परसो की अपेक्षा 0.6 डिग्री ज्यादा था। वहीं रात का न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3 डिग्री और परसो रात की अपेक्षा 1.6 डिग्री ज्यादा था। इस दौरान हवाओं की दिशा पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी रही, हवाओं की अधिकतम रफ्तार 11 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंची। मौसम विभाग के अनुसार इससे पहले इस साल सबसे ज्यादा तापमान परसो ही 37.6 डिग्री के रुप में रिकार्ड किया गया था, उससे पहले 11 मार्च को तापमान 37.3 डिग्री तक पहुंचा था। इसके बाद मौसम बदलने पर तापमान 33 डिग्री तक भी पहुंचा था। वहीं पिछले चार दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोतरी जारी है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आज से तापमान में थोड़ी कमी आएगी और अगले कुछ दिनों तक तापमान 35 से 37 डिग्री के बीच रहेगा। 6 अप्रैल से तापमान 39 डिग्री के आगे जाने की संभावना है।

### तीन सालों का रिकार्ड टूटा

कल दर्ज तापमान से मार्च का पिछले 10 में से 3 सालों का रिकार्ड टूट गया। 2015 में सबसे ज्यादा तापमान 27 मार्च को 37.5 डिग्री रहा था। वहीं 2020 में 25 मार्च को 36.4 डिग्री और 2023 में 30 मार्च को तापमान 36.3 डिग्री था। कल मार्च के ये तीनों ही रिकार्ड टूट गए। हालांकि पिछले 10 सालों में सर्वाधिक तापमान 2017 में 30 मार्च को 40.6 डिग्री के रुप में दर्ज हुआ था। वहीं इतिहास की बात करें तो 1892 में 28 मार्च को पारा 41.1 डिग्री पर पहुंचा था, जो मार्च का अब तक का दर्ज सबसे ज्यादा तापमान है।

## आनंद धाम पर चैत्र नवरात्रि में गुड़ी पड़वा पर



**इंदौर,।** सांवेर रोड, ब्राह्मणखेड़ी स्थित श्री आनंदधाम पर चैत्र नवरात्रि पर्व में विवेक महाराज के सानिध्य एवं आचार्य पं. प्रवीण नागर के मार्गदर्शन में 108 जोड़ों द्वारा कमलाक्षी देवी का धान्य अर्चन एवं शक्ति होम वर्ष प्रतिपदा के दिन, 30 मार्च को संपन्न होगा। आश्रम से जुड़े अंकुश झंवर एवं सिद्धार्थ बर्वे ने बताया कि नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन मां भगवती का पूजन, पंचाग कर्म द्वारा एवं सप्तशती पाठ सहित कनकधारा स्त्रोत से अभिषेक एवं पूजन भी होगा। राम नवमीं पर 151 जोड़ों द्वारा कुमकुम अर्चन एवं महापूजन, कन्या पूजन सहित विभिन्न अनुष्ठान होंगे। शक्ति होम अनुष्ठान में शामिल होने के लिए इच्छुक श्रद्धालु 99772-86929 एवं 99261-08101 पर सम्पर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं। शक्ति होम में शामिल होने वाले भक्तों पर मां की त्रिगुण शक्ति की विशेष कृपा होती है, ऐसी मान्यता है। यह महायज्ञ स्वयं गुरूदेव विवेक महाराज संपन्न कराएंगे।

## टारगेट पूरा करने ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अभियान, पलासिया चौराहे पर बनाएं हेलमेट के चालान, लगा भीषण जाम



**इन्दौर।** मार्च के अंतिम तीन दिन के पहले अचानक सक्रिय हुई इन्दौर यातायात पुलिस ने इंदौर के व्यस्ततम पलासिया चौराहे पर सुबह दस बजे के करीब चेकिंग अभियान चला हेलमेट के चालान बनाए। चूंकि यह समय आफिस और दुकान जाने का होता है और पलासिया चौराहे से हर जगह की कनेक्टिविटी है, इसलिए अधिकतर वाहन चालक इस समय दुकान या ऑफिस जाने के लिए इस चौराहे से गुजरते है। जिसके चलते यहां पुलिस द्वारा चलाए अचानक इस चेकिंग अभियान के चलते लम्बा जाम हर रोड पर लग गया। हालांकि जिनको पुलिस की इस चालानी कार्रवाई के बारे में मालूम हो गया वे गलियों से निकलने की कोशिश करने लगे जिसके कारण गलियों में भी वाहनों का दबाव बढ़ने से जाम लग गया।

# पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य व तनावमुक्ति हेतु, तीन दिवसीय ध्यान कार्यक्रम





**इंदौर (मनीष शर्मा)।** पुलिस की व्यस्त व चुनौतीपूर्ण ड्यूटी के चलते, पुलिसकर्मियों को तनाव मुक्त करने तथा उन्हें शारिरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाने हेतु पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह व अति. पुलिस आयुक्त मानोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में 27 मार्च को पुलिस कमिश्नर कार्यालय पलासिया के सभागृह मे, मध्यप्रदेश पुलिस व हार्टफुलनेस संस्था के तत्वाधान में तीन दिवसीय मेडिटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुभारंभ किया गया ।

जिसमें हार्टफुलनेस संस्था के प्रशिक्षकगण द्वारा हार्टफुलनेस मेडिटेशन का प्रशिक्षण व जानकारी दी गई।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार हार्टफुलनेस संस्थान के प्रशिक्षकगण निमेष पालीवाल,अनुराग मूंदड़ा व श्रीमती बिंदु महाजन द्वारा हार्टफुलनेस क्या है, इस संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि, अपनी वास्तविक प्रकृति की प्रसन्न एवं पुलकित अवस्था का अनुभव करना ही, हार्टफुलनेस मेडिटेशन है। यह एक बहुत ही सरल, आसान और प्रभावशाली तरीका हैं जिसे आराम से अपने घर पर बैठकर रोजाना किया जा सकता है। तीन दिवसीय उक्त प्रशिक्षण शिविर में ध्यान करने की प्रक्रिया सिखाई गई, जिसमें आगे क्लीनिंग व हीलिंग आदि के बारे में ज्ञान प्रदाय किया जाएगा।इसमे बताया कि हार्टफुलनेस के नियमित अभ्यास से जीवन मे आनें वाले तनाव से मुक्ति मिलती है एवं मानसिक व शारीरिक स्वास्थ सुदृढ होता है। जीवन मे सकारात्मकता एवं उत्साह का समावेश होता है, हमे इसका अभ्यास नियमित करना चाहिए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अति. पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्रीमती सीमा अलावा, रक्षित निरीक्षक दीपक कुमार पाटील सहित कार्यालय के समस्त स्टाफ के पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें, जिन्होंने उक्त प्रशिक्षण प्राप्त कर, उसे अपने जीवन मे नियमित रूप से शामिल करने हेतु प्रेरित होकर, प्रशिक्षण लिया।